POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 08.04.2024

1.सीआरटी गौतमबुद्धनगर व थाना सैक्टर-126 नोएडा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये अंतर्राज्यीय प्रतिबंधित/राज्यों /क्षेत्रों में नकली तम्बाकू की तस्करी करने वाले 06 तस्करों को किया गिरफ्तार। कब्जे से घटना में प्रयुक्त नकली तम्बाकू के 138 बोरों से लदा एवं 16 आलूओं की बोरियों से ढका 01 ट्रक व घटना में प्रयुक्त 01 मारूति कार एवं 61,560 रूपये बरामद। प्रतिबंधित राज्यों / क्षेत्रों में बरामद नकली तम्बाकू की कीमत करीब 02 करोड आंकी गई है।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 08.04.2024 को सीआरटी टीम गौतमबुद्धनगर व थाना सैक्टर-126 नोएडा पुलिस की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये, पुश्ता रोड जे.पी. कट से, प्रतिबंधित क्षेत्रों / राज्यों में नकली तम्बाकू की असली के रूप में तस्करी करने वाले गिरोह के नकली तम्बाकू से लदे 01 ट्रक को रेकी करने के उद्देश्य से घटना में प्रयुक्त 01 मारूति कार सहित मय 06 अभियुक्त 1. मनोज सरोज पुत्र लालचन्द सरोज 2. रमेश भट्टी पुत्र परमानन्द एवं इनके साथी जो ट्रक चालक/ सवार 3. सैय्यद जबी उल्ला पुत्र सैय्यद रो उल्ला 4. परम पुत्र प्रमोद 5.शिवम जयसवाल पुत्र रामजी जयसवाल 6.जाकिर हुसैन पुत्र शेख मोईनुद्दीन को **गिरफ्तार** किया गया जिनके कब्जे से नकली तम्बाकू को प्रतिबंधित क्षेत्रों / प्रदेशों तक पहुँचाने के उद्देश्य से अनैतिक तरीकों में प्रयोग किये जाने हेतु 61,560/- रूपये बरामद हुये है।
संक्षिप्त पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि वह नकली तम्बाकू को विकास उर्फ चाचा पुत्र बनिया निवासी जगतपुर दिल्ली से खरीदकर ऐसे राज्यों में ले जाकर बेचते है जहाँ पर तम्बाकू की बिक्री प्रतिबंधित है। इस प्रकार से तम्बाकू को लगभग 03 गुना कीमत में बेचा जाता है जिसके अनुसार उपरोक्त बरामद लगभग 10 टन तम्बाकू की प्रतिबंधित क्षेत्रों / राज्यों में कीमत करीब 02 करोड रूपये है। अभियुक्तगण द्वारा हंस छाप तम्बाकू ब्रांड की कॉपी कर पैकिंग को बेचने के लिये जाते हुये पकडे गये है।

अभियुक्तों का विवरण--

1. मनोज सरोज पुत्र लालचन्द सरोज उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सुखऊ दुबोली थाना पट्टी जिला प्रतापगढ उ0प्र0,
2. रमेश भट्टी पुत्र परमानन्द उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम उल्टाखम थाना कंचनपुर जिला महेन्द्रनगर नेपाल हाल निवासी मैसूर रोड सैटेलाईट बस अड्डा के पास बैंगलोर

3. सैय्यद जबी उल्ला पुत्र सैय्यद रो उल्ला उम्र करीब 26 वर्ष निवासी डोड्डा बस्ती थाना ज्ञान भारती जिला बैंगलोर राज्य कर्नाटक
4. परम पुत्र प्रमोद उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मकान नं0-64 गली नं0-02, जगतपुर बुराडी थाना वजीराबाद दिल्ली
5. शिवम जयसवाल पुत्र रामजी जयसवाल उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम चिलबिला थाना कोतवाली नगर जिला प्रतापगढ
6. जाकिर हुसैन पुत्र शेख मोईनुद्दीन उम्र करीब 44 वर्ष निवासी डोड्डा बस्ती थाना ज्ञान भारती जिला बैंगलोर (कर्नाटक)

बरामदगी का विवरण--

1. कब्जे से बरामद 01 ट्रक रजि0 नं0-KA41D7756
2. ट्रक से बरामद 138 बोरे नकली हंस छाप तम्बाकू वजन करीब 10 टन
3. नकली तम्बाकू को छिपाये जाने के उद्देश्य से लगाये गये 16 बोरे आलू वजनी करीब 15 क्विंटल
4. रेकी करने के उद्देश्य से घटना में प्रयुक्त 01 मारूती कार UP16CY7063
5. नकली तम्बाकू को अनैतिक तरीके से प्रतिबंधित क्षेत्रों / राज्यों में पहुंचाने हेतु प्रयुक्त नगदी 61,560/- रूपये

पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0स0 75/24 धारा 420/465/468/471/34 भादवि, 63 कापीराईट एक्ट, 103/104 ट्रेडमार्क एक्ट थाना सैक्टर-126 नोएडा गौतमबुद्धनगर